# राजकीय महाविद्यालय भरमौर

# वार्षिक प्रतिवेदन

# 2024-25

## मुख्य अतिथि

## श्री कुलबीर सिंह राणा

### अतिरिक्त ज़िला दंडाधिकारी, भरमौर

**प्रस्तुतकर्ता**

डॉ. हेमंत पाल

प्राचार्य

राजकीय महाविद्यालय भरमौर

मैं राजकीय महाविद्यालय भरमौर के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह के अवसर पर माननीय मुख्यातिथि महोदय, उपस्थित सम्माननीय अतिथिगण इलेक्ट्रॉनिक प्रिंट मीडिया से आये मेरे पत्रकार बंधू एवं महाविद्यालय के विद्यार्थियों का हार्दिक अभिनंदन करता हूँ |

चंबा जनपद की प्राचीन राजधानी ब्रह्मपुर, जो वर्तमान में भरमौर के नाम से विख्यात है अपनी सांस्कृतिक विरासत, चौरासी व मणिमहेश जैसे ऐतिहासिक व धार्मिक स्थलों एवं प्राकृतिक सौन्दर्य के लिए प्रसिद्ध है |

किसी समय श्रद्धेय नागाबाबा द्वारा भरमौर में शिक्षा के लिए एक विद्यालय के रूप में रोपा गया पौधा सरकार के प्रयत्नों द्वारा वर्तमान में विभिन्न शिक्षण संस्थानों के रूप में फल- फूल रहा है | इसी कड़ी में हमारा महाविद्यालय आज अपना तेरहवां वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह आयोजित करने जा रहा है|

**महोदय,**

राजकीय महाविद्यालय भरमौर अगस्त 2005 अस्तित्व में आया | 2005 में शिक्षा के लिए रोपा गया पौधा आज वर्तमान में उच्चतर एवं गुणात्मक शिक्षा केंद्र के रूप में विकसित हुआ है और भविष्य में इस पौधे के वट वृक्ष बनने की स्पष्ट झलक हम देख रहे हैं | इसी विश्वास के साथ मैं महाविद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करने जा रहा हूँ |

मान्यवर आपके सहयोग से हमें इस वर्ष अपना यह नया भवन मिल पाया है जिसके लिए मैं महाविद्यालय परिवार की तरफ से आपका हार्दिक आभार व धन्यवाद करता हूँ इस वर्ष से महाविद्यालय में विज्ञान संकाय की कक्षाएं भी शुरू कर दी गई हैं | जिसमें तीन विद्याथियों ने प्रवेश लिया है |

**शिक्षक वर्ग:**

मान्यवर राजकीय महाविद्यालय भरमौर में शिक्षकों के कुल **16** पद स्वीकृत हैं**,** जिनमें से केवल 10 पद भरे गये हैं जबकि 6 पद अभी भी रिक्त है|

इसमें मुख्य तौर पर सहायक आचार्य रसायन विज्ञान, संगीत तथा तबला वादक के पद रिक्त हैं |

**गैर शिक्षक वर्ग:**

गैर शिक्षक वर्ग में हमारे महाविद्यालय में 13 पद स्वीकृत हैं, जिनमें से 9 पदों पर स्थायी नियुक्तियां हैं जबकि शेष सभी पद रिक्त हैं | कार्यालय अधीक्षक आपके आदेश से प्रति नियुक्ति पर हैं जबकि वरिष्ठ सहायक का पद लम्बे समय से रिक्त चल रहा है |

**विद्यार्थी वर्ग:**

वर्तमान में राजकीय महाविद्यालय भरमौर में **बी० ए०/बी० कॉम०/ बी.एस.सी. प्रथम वर्ष** में **94**, द्वितीय वर्ष में **73** तथा तृतीय वर्ष में **63** विद्यार्थी शिक्षारत हैं | इस प्रकार महाविद्यालय में **कुल 230 विद्यार्थी** शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं | जिनमें अधिकतर संख्या लगभग **61% छात्राओं** की है |

| **Class/year** | **B.A./B.COM 1st year** | **B.A./B.COM 2nd year** | **B.A./B.COM 3rd year** | **Boys** | **Girls** | **Total** |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **2022-23** | 112 | 97 | 55 | 75 | 189 | **264** |
| **2023-24** | 120 | 73 | 83 | 99 | 177 | **276** |
| **2024-25** | 94 | 73 | 63 | 86 | 144 | **230** |

**केन्द्रीय छात्र संघ:**

विश्वविद्यालय के निर्देशानुसार राजकीय महाविद्यालय भरमौर में सत्र 2024-2025 में मेरिट आधार पर **केन्द्रीय छात्र संघ** के निम्नलिखित पदाधिकारी एवं सदस्य मनोनित किये गये तथा उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलवाई गयी है |

| **पदभार** | **विद्यार्थी का नाम** | **कक्षा/ सत्र** |
|---|---|---|
| **प्रधान** | विशाल कुमार | बी० ए० तृतीय वर्ष |
| **उप प्रधान** | विशाल टंडन | बी० ए० तृतीय वर्ष |
| **महासचिव** | ज्योति | बी० ए० द्वितीय वर्ष |
| **सयुंक्त सचिव** | अक्षय ठाकुर | बी० ए० प्रथम वर्ष |
| **कक्षा प्रतिनिधि** | स्नेहा | बी० ए० प्रथम वर्ष |
| **कक्षा प्रतिनिधि** | अजय कुमार | बी० कॉम० प्रथम वर्ष |
| **कक्षा प्रतिनिधि** | मनीष कुमार | बी० ए० द्वितीय वर्ष |
| **कक्षा प्रतिनिधि** | सिमरन | बी० कॉम० द्वितीय वर्ष |
| **कक्षा प्रतिनिधि** | रिया कुमारी | बी० ए० तृतीय वर्ष |
| **कक्षा प्रतिनिधि** | साक्षी | बी०एस० सी० प्रथम वर्ष |
| **सदस्य (एन. एस .एस)** | वर्षा | बी० कॉम० द्वितीय वर्ष |
| **सदस्य (एन. एस .एस)** | आयुष | बी० ए० तृतीय वर्ष |
| **सदस्य (खेलकूद )** | नंदिता टंडन | बी० ए० तृतीय वर्ष |
| **सदस्य(खेलकूद )** | साहिल कुमार | बी० ए० तृतीय वर्ष |
| **सदस्य (सांस्कृतिक)** | रोहित अत्री | बी० ए० तृतीय वर्ष |
| **सदस्य (सांस्कृतिक)** | रीता | बी० ए० तृतीय वर्ष |
| **सदस्य(रेड रिबन क्लब )** | अदिति ठाकुर | बी० ए० तृतीय वर्ष |
| **सदस्य ( इको क्लब )** | अरुणा देवी | बी० ए० द्वितीय वर्ष |
| **सदस्य (सड़क सुरक्षा क्लब )** | अदिति ठाकुर | बी० ए० तृतीय वर्ष |

**परीक्षा परिणाम**:

गत वर्ष के परीक्षा परिणाम का ब्यौरा इस प्रकार से है:

| **वर्ष** | **कक्षाएं** | **कुल विद्यार्थी** | **परिणाम घोषित** | **उत्तीर्ण** | **पास प्रतिशतता (महाविद्यालय)** |
|---|---|---|---|---|---|
| **2024-25** | बी०ए०/बी० कॉम. प्रथम वर्ष | 104 | 104 | 67 | **65%** |
| | बी०ए०/बी० कॉम. द्वितीय वर्ष | 65 | 65 | 56 | **92%** |
| | बी०ए०/बी० कॉम. तृतीय वर्ष | 76 | 76 | 71 | **97%** |

**छात्रवृत्ति:**

इस सत्र में 46 छात्र-छात्राओं के छात्रवृति आवेदन राज्यस्तर पर स्वीकृत किये जा चुके हैं और इन सभी विद्यार्थियों को छात्रवृति की राशि राज्य सरकार द्वारा इनके खाते में डाल दी जाएगी ।

**महाविद्यालय की गतिविधियाँ**

महाविद्यालय समय-समय पर विद्याथियों में प्रतिभा का विकास करने के लिए अनेक प्रकार की गतिविधियों का आयोजन करता रहता है इसी कड़ी में इस वर्ष निम्न गतिविधयां आयोजित की गई।

**हिंदी दिवस :-**14 सितंबर 2024 को राजकीय महाविद्यालय भरमौर में हिंदी दिवस मनाया गया। इस अवसर पर भाषण, निबंध लेखन तथा प्रश्नोत्तरी आदि प्रतियोगताओं का आयोजन किया गया । इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों को हिंदी भाषा के प्रति जागरूक करना तथा इसके प्रचार-प्रसार को बढ़ावा देना था। हिंदी दिवस पर आयोजित इन गतिविधियों में विद्याथियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इन प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया |

## हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय यूथ फेस्टिवल ग्रुप-1

राजकीय महाविद्यालय भरमौर के छः विद्यार्थियों ने हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय यूथ फेस्टिवल ग्रुप-1 की विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया जिसका आयोजन राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर में दिनांक 14 से 16 अक्टूबर 2024 के दौरान किया गया |

## हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय यूथ फेस्टिवल ग्रुप-3

राजकीय महाविद्यालय भरमौर की सांस्कृतिक टीम ने हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय यूथ फेस्टिवल ग्रुप-3 (नृत्य) में भाग लिया गया जिसका आयोजन **गौतम महाविद्यालय हमीरपुर** द्वारा 12 से 14 नवम्बर 2024 को किया गया | इस फेस्टिवल में राजकीय महाविद्यालय भरमौर ने **द्वितीय स्थान** हासिल किया |

## सांस्कृतिक गतिविधियाँ

महाविद्यालय के छात्र समय-समय पर विभिन गतिविधियों में भाग लेते रहते हैं इसी क्रम में **'नेहरु युवा क्लब चम्बा'** द्वारा राजकीय महाविद्यालय चंबा में आयोजित युवा सांस्कृतिक उत्सव में राजकीय महाविद्यालय भरमौर ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया | **जनजातीय गौरव दिवस** के उपलक्ष्य पर भी महाविद्यालय की सांस्कृतिक टीम ने अपनी प्रस्तुती पेश की | 15 अगस्त एवं 26 जनवरी के कार्यक्रमो में भी महाविद्यालय के विद्यार्थी बढ़-चढ़ कर भाग लेते रहे हैं | महाविद्यालय के छात्रों ने अभी 17-18 मार्च को **राजकीय महाविद्यालय**

**बनीखेत** में आयोजित **National Conference** में अपनी प्रस्तुति देकर अपने महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया है |

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

08 मार्च 2025 को राजकीय महाविद्यालय, भरमौर में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य महिलाओं के अधिकारों, उनके योगदान तथा समाज में उनकी भूमिका के प्रति जागरूकता फैलाना था। कार्यक्रम में प्रमुख वक्ता के रूप में **औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान चंबा** के प्राचार्य श्री विपन शर्मा ने महिलाओं के अधिकारों, समानता तथा सशक्तिकरण पर सारगर्भित भाषण दिया। उन्होंने महिलाओं को शिक्षा, स्वास्थ्य एवं रोजगार के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।इसके अतिरिक्त छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं जिनमें नृत्य, कविता पाठ एवं भाषण आदि शामिल थी । इन प्रस्तुतियों ने महिलाओं की समस्याओं एवं उनके संघर्षों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया।

## महाविद्यालय की खेलकूद प्रतियोगिताएं:

मान्यवर, महाविद्यालय में शारीरिक शिक्षक का पद सृजित नहीं है परन्तु वर्तमान में कार्यरत आचार्य वर्ग विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा के साथ–साथ अन्य सहयोगी गतिविधियों में अपना पूर्ण योगदान दे रहा है | इसी क्रम में **07 मार्च 2025** को महाविद्यालय में **वार्षिक खेलकूद प्रतिस्पर्धा** के अन्तर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया | इस अवसर पर सहायक अभियंता लोक निर्माण विभाग भरमौर श्री विशाल चौधरी जी ने मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभागियों को पुरुष्कृत किया |

इस सत्र में हमारे महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने इंटर कॉलेज कब्बड्डी चैंपियनशिप में राजकीय महविद्यालय **ज्वालामुखी में** तथा इंटर कॉलेज एथेलेटिक मीट में **नेता जी सुभाष चन्द्र बोस राजकीय महाविद्यालय अणु, हमीरपुर** में महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया | इसके अलावा **नेहरु युवा**

**केंद्र** के द्वारा **बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ** योजना के अंतर्गत हेलिपैड भरमौर में बालिका खेल मेले का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय की 44 छात्राओं ने विभिन प्रतियोगितायों में भाग लिया |

**गृह परीक्षाएं:**

हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के नियमों व निर्देशों के अनुसार महाविद्यालय में दिनांक **04 दिसंबर से 17 दिसंबर 2024** तक **गृह परीक्षाओं** का आयोजन किया गया | जिसमें विभिन्न विषयों में पहले, दूसरे स्थान पर रहे मेधावी छात्र-छात्राओं को आज पुरुस्कृत किया जा रहा है |

**महाविद्यालय परिवार की उपलब्धियां:**

किसी भी शिक्षण संस्थान में सिर्फ शिक्षा का स्तर ही उस संस्थान को उपलब्धि प्रदान नहीं करता है बल्कि महाविद्यालय के सदस्यों द्वारा समय-समय पर किये गये प्रयास भी संस्थान को आगे ले जाते हैं | हमारा महाविद्यालय भी इन प्रयासों से अछूता नहीं है, यहाँ के शिक्षक और गैर-शिक्षक वर्ग विभिन्न उपलब्धियों से सम्पन्न हैं| इन्होंने इस वर्ष अनेक प्रकार की उपलब्धियों हासिल की है जिसका ब्यौरा इस प्रकार है:

अंग्रेजी विषय के सहायक आचार्य प्रो० स्वरुप कुमार ने इस वर्ष तीन अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलनों में भाग लिया तथा तीन शोध पत्र प्रस्तुत किए | इन्होंने दो शोध पत्र राष्ट्रीय संगोष्ठी में भी प्रस्तुत किये तथा इनके तीन शोध पत्र भी प्रकाशित हुए | इसके अतिरिक्त, प्रो० स्वरुप कुमार न दो सात दिवसीय कार्यकर्ता विकास वर्ग कार्यक्रमों में भाग लिया |

इतिहास विषय के सहायक आचार्य डॉ. राजिंदर सिंह ने एक International Workshop और Two Week Capacity Building Programme for Young Faculty in Social Sciences तथा Seven Day International Workshop on Sustainable Development and Environmental Conservation में भाग लिया | इनके दो लेख भी प्रकाशित हुए इसके अतिरिक्त, इन्होंने जुलाई 2024 में HIPA शिमला द्वारा आयोजित Departmental Examination को पास किया I

भौतिकी (Physics) के सहायक आचार्य डॉ. राहुल कुमार ने राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (VNIT), नागपुर, से 15 सितंबर 2024 को अपनी Ph.D. की उपाधि "**Synthesis and Characterization of Zinc Oxide-Based Materials for Photocatalytic Applications"** के बिषय पर प्राप्त की । इन्के इस बर्ष दो शोध पत्र भी प्रकाशित हुए है। डॉ. राहुल कुमार कई प्रतिष्ठित जर्नल्स के Reviewer हैं | इसके अतिरक्त, इन्होंने चार कार्यकर्त्ता विकास वर्गों में भी भाग लिया |

प्रो० विवेक कुमार, प्रो० सुग्रीव कुमार, प्रो० नरेश कुमार ने St. Bede's College Shimla द्वारा आयोजित सात दिवसीय कार्यकर्त्ता विकास वर्ग में भाग लिया |

## रैड रिबन क्लब:

प्रोफेसर **विशाल अहीर** के नेतृत्त्व में **रैड रिबन क्लब** की इकाई द्वारा महाविद्यालय में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाता है | इसमें विद्याथियों के लिए एड्स से सुरक्षा सम्बन्धी जागरूकता प्रदान करने के लिए एक फ़्लैश मोब का आयोजन दिनांक 10 अक्टूबर 2024 को किया | डिस्ट्रिक्ट एड्स सोसाइटी चंबा द्वारा 20 अगस्त 2024 को आयोजित 5 किलोमीटर की दौड़ प्रतियोगिता में महाविद्यालय के 7 विद्यार्थियों ने भाग लिया जिसमें महाविद्यालय के छात्र सूरज ने द्वितीय स्थान हासिल किया | दिनांक **01 दिसम्बर 2024 को ' विश्व एड्स दिवस '** का आयोजन किया गया जिसमें नागरिक चिकित्सालय भरमौर से **पवन भारद्वाज** ने विद्यार्थियों को एड्स जैसी भयंकर बीमारी के प्रति जागरूक किया तथा इसके साथ **08 मार्च 2025** को **'अंतराष्ट्रीय महिला दिवस'** मनाया गया जिसमें **औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान चंबा** के प्राचार्य श्री विपन शर्मा ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की | इस उपलक्ष्य पर क्लब के द्वारा ,**रंगोली मेकिंग , मेहंदी** तथा **सांस्कृतिक कार्यक्रम** आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया| रैड रिबन कल्ब द्वारा चंबा मेडिकल कॉलेज में दो विद्याथियों को जिला एड्स सोसाइटी द्वारा ट्रेनिंग प्रदान की गई|

## राष्ट्रीय सेवा योजना

महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्तर्गत विद्यार्थियों की संख्या के हिसाब से आधी इकाई का गठन किया गया है | जिसकी सदस्य संख्या 50 विद्यार्थी हैं | जिसमें 23 छात्र और 27 छात्राएं हैं | इस बार महाविद्यालय में 3 मार्च से 9 मार्च तक NSS के सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय के 25 विद्यार्थियों ने भाग लिया | इस शिविर के दौरान महाविद्यालय के आस- पास स्वछता अभियान चलाया गया और कई तरह की गतिविधियों में भाग लिया इस सात दिवसीय शिविर के समापन समारोह पर

**औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान चंबा** के प्राचार्य **श्री विपन शर्मा** जी हमारे बीच उपस्थित रहे |

**सड़क सुरक्षा क्लब:**

19 फरवरी 2025 को सड़क सुरक्षा क्लब द्वारा प्रो० विशाल अहीर के नेतृत्त्व में **नागरिक चिकित्सालय भरमौर** एवम **पुलिस थाना भरमौर** के समन्वय से **"सड़क सुरक्षा कार्यक्रम"** का आयोजन कर विभिन्न प्रतियोगिताए आयोजित की गई| इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्रों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया| इस अवसर पर भाषण, नारा लेखन, पोस्टर मेकिंग, प्रश्नोत्तरी तथा कविता पाठन आदि का आयोजन किया गया | इस विशेष कार्यक्रम में थाना भरमौर के प्रभारी श्री **पंकज** एवं **रोहित** ने सड़क सुरक्षा के नियमों के बारें में जानकारी प्रदान की तथा डॉ मयंक द्वारा सड़क हादसा होने पर किसी व्यक्ति को प्राथमिक उपचार कैसे दिया इस सम्बन्ध में महाविद्यालय के विद्यार्थियों को जागरूक किया| इस अवसर पर महाविद्यालय से बस स्टैंड तक विद्यार्थियों ने रैली भी निकाली |

**अभिभावक अध्यापक संघ (पी टी ए)**

शिक्षा विभाग हिमाचल प्रदेश के द्वारा शैक्षिक संस्थानों में अभिभावक अध्यापक संघ के गठन संबधी नीति के अनुसार इस महाविद्यालय में भी पी० टी० ए० का गठन किया गया है | इसमें **सत्र 2024 -25** के लिए सर्व–सम्मति से दिनांक **08 अगस्त 2024** को अधोलिखित पदाधिकारी निर्वाचित किये गये:

| | |
|---|---|
| **प्रधान** | श्री संजय शर्मा |
| **उप-प्रधान** | श्री प्रीतम शर्मा |
| **सचिव** | प्रो० विवेक कुमार , रा० महा० भरमौर |
| **सहसचिव** | श्री करण सिंह |

**कोषाध्यक्ष** श्री अनिल कुमार
**मुख्य सलाहकार** श्री अनिल शर्मा
**मुख्य सलाहकार** श्रीमती निर्मला देवी

'अभिभावक अध्यापक संघ' द्वारा महाविद्यालय का समय-समय पर सहयोग किया जाता रहा है जिसके लिए मैं महाविद्यालय परिवार की तरफ से उनका आभार व्यक्त करता हूँ |

**पूर्व छात्र संघ**

इस वर्ष महाविद्यालय की पूर्व छात्र संघ (एलुमनाई ) का गठन भी कर दिया गया है |महाविद्यालय में श्री विवेक कुमार सहायक आचार्य हिंदी तथा श्री नरेश कुमार सहायक आचार्य राजनीति शास्त्र भी इस महाविद्यालय के पूर्व छात्र रहे हैं जो कि इस महाविद्यालय के लिए गर्व की बात है | हम पूर्व छात्र संघ से महाविद्यालय के सहयोग की आशा करते हैं |

**महाविद्यालय पुस्तकालय**

महोदय ! जैसा कि भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ० सर्वपल्ली राधाकृष्णन ने कहा है कि पुस्तकालय किसी भी शैक्षणिक संस्थान का ह्रदय होता है | विद्याथियों के हितों को ध्यान में रखते हुए राजकीय महाविद्यालय भरमौर में एक उच्च कोटि का पुस्तकालय स्थापित करने का प्रयास महाविद्यालय प्रशासन की ओर से किया गया हैं |

पुस्तकालय में वर्तमान समय में कुल **4000 बहुमूल्य पुस्तकें** उपलब्ध हैं और इसके साथ **13 ज्ञानवर्धक पत्रिकाएँ** प्रतिमाह विद्यार्थियों को उपलब्ध करवाई जाती हैं | विद्यार्थियों व स्टाफ की सुविधा को ध्यान में रखते हुए 80,000 रु० की लागत से **"Information and Library Network Centre" Gandhinagar** द्वारा निर्मित **"SOUL"** सॉफ्टवेयर को पुस्तकालय में स्थापित करके **पूर्णता कंप्युटरीकृत** किया गया है |

**रूसा ग्रांट**

राजकीय महाविद्यालय भरमौर को इसी मार्च माह में 55 लाख रुपए की RUSA की ग्रांट प्राप्त हुई। इस ग्रांट में से 16 लाख रुपय के कंप्यूटर, 14 लाख के 20 टैबलेट की डिजिटल लाइब्रेरी, 12 लाख की रूफ टॉप सोलर सिस्टम, ढाई लाख की इंटरनेट लीज लाइन तथा चार लाख के सीसीटीवी कैमरे लगवाने के आदेश दे दियें गए हैं | पुस्तकालय के लिए 75 हजार रुपय की क़िताबे भी खरीदी गयी हैं।

## शिक्षण संस्थान में आवश्यक पदों के सृजन हेतु निवेदन

महोदय, मैं आपके समक्ष कुछ महत्वपूर्ण मांगें प्रस्तुत करना चाहता हूं, जो कि संस्थान के समुचित संचालन एवं विद्यार्थियों के शैक्षणिक विकास हेतु आवश्यक हैं:

1. **शारीरिक शिक्षा के अध्यापक का पद सृजित किया जाए**: वर्तमान में विद्यार्थियों के शारीरिक स्वास्थ्य और खेल-कूद के विकास के लिए एक पूर्णकालिक शारीरिक शिक्षा के अध्यापक का पद सृजित किया जाए |
2. **सुपरिंटेंडेंट व वरिष्ठ कार्यालय सहायक के पदों को भरा जाए:** प्रशासनिक कार्यभार को सुचारू रूप से संचालित करने हेतु सुपरिंटेंडेंट व वरिष्ठ सहायक के पदों को भरा जाना बहुत जरुरी है| इससे कार्यालय का कार्य अधिक व्यवस्थित और सुचारू रूप से संपन्न हो सकेगा।
3. **संगीत और रसायन विज्ञान के सहायक प्रोफेसरों के पदों को भरा जाए:** विद्यार्थियों की सांस्कृतिक प्रतिभा को विकसित करने और संगीत की शिक्षा को उचित मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए संगीत के सहायक प्रोफेसर का पद भरा जाना भी आवश्यक है । रसायन विज्ञान के सहायक प्रोफेसर का पद भरा जाने से B.Sc. Non-Medical की कक्षाएं सुचारू रूप से संचालित हो पायेगी |

उपरोक्त तीनों मांगे संस्थान के समग्र विकास एवं विद्यार्थियों के शारीरिक, बौद्धिक एवं सांस्कृतिक उन्नयन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। अतः आपसे विनम्र निवेदन है कि इन आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए सरकार को हमारी मांगों से अवगत करवाएं |

महोदय यह हॉल जिसमें आज हम कार्यक्रम कर रहे हैं इस स्टेज को NSS के वालंटियर्स ने कबड्डी की मेट को जोड़ कर बनाया है |यह हॉल बहुत बड़ा व बहुत अच्छा है परन्तु इसमें स्टेज नहीं है |लोक निर्माण विभाग के पास हमारे कॉलेज भवन के निर्माण की राशि तीन करोड़ के आस-पास शेष है | अत: आपसे निवेदन है कि लोक निर्माण विभाग को इसमें एक बढ़िया सी स्टेज बनाने का आदेश करे ताकि इस हॉल में महाविद्यालय तथा प्रशासन के कार्यक्रमों को सहज तरीके से करवाया जा सके |

अंत में, मैं इस कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों व भरमौर के अधिकारियों एवं कर्मचारियों का आभार व्यक्त करता हूँ, जो महाविद्यालय के विकास तथा इसकी गतिविधियों को सुचारू रूप से चलाने के लिए अपना हर संभव सहयोग देते आये हैं|

धन्यवाद

**प्राचार्य**

**राजकीय महाविद्यालय**

**भरमौर**

**चंबा, हि. प्र.**